# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्घीकला, हाजीपुर, पिन-844102)

ईमेल: deovaishali.edn@gmail.com, deo-vaishali@bihar.gov.in


प्रेषक,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

पत्रांक: 1568
दिनांक: 22/07/2026

सेवा में,

श्री मनोज कुमार सिन्हा,
प्रभारी प्रधानाध्यापक,
पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बखरी दोआ,
प्रखंड- चेहराकलां, जिला- वैशाली।

विषय:- विद्यालय शिक्षा समिति का संयुक्त बैंक खाता नहीं खोलने एवं नियमित बैठक आयोजित नहीं करने के संबंध में स्पष्टीकरण।

प्रसंग:- एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (सहयोग पोर्टल) परिवाद पंजीकरण संख्या- आर०ई०एफ० 578606, दिनांक 15.07.2026।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि श्रीमती ममता कुमारी, सचिव, विद्यालय शिक्षा समिति, पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बखरी दोआ द्वारा सहयोग पोर्टल पर एक शिकायत दर्ज कराई गई है। परिवाद में यह उल्लेख किया गया है कि विद्यालय शिक्षा समिति का गठन हुए लगभग एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, परंतु अब तक समिति का संयुक्त बैंक खाता नहीं खोला गया है और न ही समिति की नियमित मासिक बैठक आयोजित की जा रही है।

शिकायतकर्ता द्वारा यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, चेहराकलां द्वारा विद्यालय निरीक्षण के दौरान संयुक्त बैंक खाता शीघ्र खुलवाने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, किंतु आपके द्वारा उक्त निर्देश का अनुपालन अब तक नहीं किया गया है। संयुक्त बैंक खाता नहीं खुलने तथा नियमित बैठक नहीं होने के कारण समिति के अधिकार एवं दायित्व बाधित हैं, जिससे विद्यालय के विकास कार्यों एवं वित्तीय पारदर्शिता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

आपका यह कृत्य विभागीय आदेशों की अवहेलना, पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का परिचायक है। अतः आपको निदेश दिया जाता है कि पत्र प्राप्ति के 3 (तीन) दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यों न आपके इस कृत्य के लिए आपके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ की जाए। ससमय स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने अथवा असंतोषजनक होने की स्थिति में एकतरफा कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

विश्वासभाजन

22.7.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

ज्ञापांक: 1568 दिनांक: 22/07/2026

प्रतिलिपि:- 1. प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, चेहराकलां को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. श्रीमती ममता कुमारी, सचिव, विद्यालय शिक्षा समिति, पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बखरी दोआ को सूचनार्थ प्रेषित।

22.7.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।